भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1743#
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रसाद योजना के तहत पर्यटन स्थलों और तीर्थ स्थलों का विकास

1743# सुश्री सरोज पाण्डेय:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना के अंतर्गत आज की तारीख तक कितने पर्यटन स्थल और तीर्थ स्थल विकसित किए जा रहे हैं और इस प्रयोजनार्थ सरकार द्वारा कितना वित्तीय आबंटन जारी किया गया है;

(ख) क्या आगामी वित्त वर्ष के लिए नए स्थलों का चयन कर लिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो चयनित स्थल कौन-कौन से हैं और इसके लिए कितना वित्तीय आवंटन जारी किए जाने का अनुमान है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) योजना के तहत 1630.15 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से कुल 46 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें से अब तक 916.29 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। आज तक मंजूर की गई 46 परियोजनाओं में से वर्ष 2022-23 में 6 परियोजनाएं और वर्ष 2023-24 में 1 परियोजना को मंजूरी दी गई थी। स्वीकृत परियोजनाओं और अनुमोदित राशि का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

*******

अनुबंध

प्रसाद योजना के तहत पर्यटन स्थलों और तीर्थ स्थलों का विकास के सम्बन्ध में दिनांक 03.08.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1743# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय की तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और अनुमोदित राशि का राज्य-वार ब्यौरा

(करोड़ रुपये में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1 | अमरावती शहर, गुंटूर जिले का एक पर्यटन स्थल के रूप में विकास ** | 2015-16 | 27.77 |
| | 2 | श्रीशैलम मंदिर का विकास ** | 2017-18 | 43.08 |
| | 3 | विशाखापट्टनम मंदिर सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारीदेवस्थानम | 2022-23 | 54.04 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4 | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास। | 2020-21 | 37.88 |
| असम | 5 | गुवाहाटी और उसके चारों और कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थल का विकास। ** | 2015-16 | 29.80 |
| बिहार | 6 | पटना साहिब में विकास ** | 2015-16 | 41.54 |
| | 7 | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास ** | 2014-15 | 4.27 |
| छत्तीसगढ़ | 8 | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव जिला, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 |
| गुजरात | 9 | द्वारका का विकास ** | 2016-17 | 13.08 |
| | 10 | सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास ** | 2016-17 | 45.36 |
| | 11 | सोमनाथ में सैरगाह का विकास ** | 2018-19 | 47.12 |
| | 12 | सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर सहित तीर्थयात्री प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 |
| | 13 | अंबाजी मंदिर, बनासकांठा, गुजरात में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हरियाणा | 14 | पंचकूला जिले में माता मनसा और नाडा साहेब गुरुद्वारा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 |
| जम्मू और कश्मीर | 15 | हजरतबल दरगाह, श्रीनगर में विकास | 2016-17 | 40.46 |
| झारखंड | 16 | बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास ** | 2018-19 | 39.13 |
| कर्नाटक | 17 | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरु में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 |
| केरल | 18 | गुरुवायूर मंदिर में विकास ** | 2016-17 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 19 | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| | 20 | ओंकारेश्वर का विकास ** | 2017-18 | 43.93 |
| महाराष्ट्र | 21 | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 2017-18 | 52.92 |
| मेघालय | 22 | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.32 |
| मिजोरम | 23 | मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना विकास | 2022-23 | 44.89 |
| नागालैंड | 24 | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 |
| | 25 | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 |
| ओडिशा | 26 | मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथधाम-रामाचंडी-देउली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास # | 2014-15 | 50.00 |
| पंजाब | 27 | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास ** | 2015-16 | 6.40 |
| | 28 | पंजाब के रोपड़ में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 |
| राजस्थान | 29 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |
| सिक्किम | 30 | चार संरक्षक संतों, युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| तमिलनाडु | 31 | कांचीपुरम का विकास ** | 2016-17 | 13.99 |
| | 32 | वेलंकन्नी का विकास ** | 2016-17 | 4.86 |
| तेलंगाना | 33 | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 34 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 |
| | 35 | भद्राचलम, भद्राद्री कोठागुडम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 |
| त्रिपुरा | 36 | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.80 |
| उत्तर प्रदेश | 37 | वाराणसी का विकास - चरण -1 ** | 2015-16 | 18.72 |
| | 38 | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) ** | 2014-15 | 10.98 |
| | 39 | गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन ** | 2017-18 | 9.02 |
| | 40 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण ** | 2014-15 | 9.36 |
| | 41 | वाराणसी का विकास चरण-II ** | 2017-18 | 44.60 |
| | 42 | गोवर्धन में अवसरंचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 |
| उत्तराखंड | 43 | केदारनाथ का एकीकृत विकास ** | 2015-16 | 34.77 |
| | 44 | बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 |
| | 45 | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि | 2021-22 | 54.36 |
| पश्चिम बंगाल | 46 | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 |

** परियोजनाएं पूर्ण        # कार्य की सीमा तक परियोजना पूर्ण घोषित

*****